संख्या-192/2025 / 654/2025 -27-2002/116/2025-2

प्रेषक,

आलोक कुमार द्विवेदी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 15 मई, 2025

विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित मद के अन्तर्गत जनपद अयोध्या तहसील सोहावल में घाघरा / सरयू नदी के दाहिनें तट पर स्थित इस्माइल नगर सिंहोर, दोस्तपुर रघु, सरजुपुर इत्यादि ग्रामों की कटान से सुरक्षा हेतु जिओ बैग स्टड निर्माण एवं पारक्यूपाइन लगाने की परियोजना हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षण अभियन्ता, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन (बाढ़), मण्डल, सिंचाई भवन एनेक्सी, लखनऊ के पत्र संख्या-658/काप्रअ/अनिबामं/यू-10/बी-1प्र0 दिनांक 22.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरिसंदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित विवरण की एक अदद चालू परियोजना पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-03-जल निकास-103-सिविल निर्माण कार्य-07-जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत उपलब्ध बजट व्यवस्था (चालू श्रेणी) के सापेक्ष रू 1,65,00,000.00 (रूपये एक करोड़ पैंसठ लाख मात्र ) की धनराशि अवमुक्त करते हुये प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

| संगठन/मण्डल/खण्ड | | मु0 अभि0 (शारदा सहायक) लखनऊ/एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या/बाढ़ कार्य खण्ड, अयोध्या। | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | (धनराशि लाख रू0 में) |
| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | अनुदान सं0/लेखाशीर्षक | वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रविधानित बजट | शासन द्वारा प्रदत्त स्वीकृति का सन्दर्भ शासनादेश सं0 तथा दिनांक | प्रशासकीय स्वीकृति की लागत (a) /गठित अनुबन्ध की लागत (b) | अनुबन्धित लागत के आधार पर कार्य की पुनरीक्षित लागत | गठित अनुबन्ध/ पुनरीक्षित लागत के आधार पर बचत {6(a)-7} | अब तक क्रमिक आवंटन (a)/ क्रमिक आवंटन (b) | परियोजना पर आवंटन हेतु अवशेष धनराशि (पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष) (7-9) (b) | वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान सं0/ लेखाशीर्षक | वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त की जाने वाली स्वीकृत धनराशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 94-4711-03-103-07-24 जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित) | | | | | | | | | | | |
| 1 | जनपद अयोध्या तहसील सोहावल में घाघरा / सरयू नदी के दाहिनें तट पर स्थित इस्माइल नगर सिंहोर, दोस्तपुर रघु, सरजुपुर इत्यादि ग्रामों की कटान से सुरक्षा हेतु जिओ बैग स्टड निर्माण एवं पारक्यूपाइन लगाने की परियोजना। (Latitude:-26$^0$48'9.79"N, Longitude:81$^0$53'5.07"E) | 94-4711-03-103-07-24 जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित) | 165.00 | 59/2025/241/2025/27-2002/3/2025-2-Part(1), दिनांक 20.03.2025 | 275.80/ 203.89 | 245.06 | 30.74 | 41.37/ 1.00* | 244.06 | 94-4711-03-103-07-24 | 165.00 |

(रूपये एक करोड़ पैंसठ लाख मात्र )

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

नियम व शर्तें/ प्रतिबन्धों

3- उक्त धनराशि का व्यय करने में निम्नांकित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये:-

(1) तालिका में अंकित परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की संख्या-59/2025/241/2025/27-2002/3/2025-2-Part(1), दिनांक20.03.2025 में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) इस सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/ 2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711 बाढ़ नियन्त्रण परियोजना पर पूँजीगत परिव्यय-03-जल निकास-103-सिविल निर्माण कार्य-07-जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रू 1,65,00,000.00 (रूपये एक करोड़ पैंसठ लाख मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 094 लेखा शीर्षक-4711-03-103-07-24 जलनिकास योजना (नाबार्ड पोषित) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/ 2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
आलोक कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
(3) प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0),सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी।
(5) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
(6) नोडल अधिकारी, बजट एलॉटमेंट सिस्टम, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, शासन।
(7) उप-महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, 11 विपिन खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
(8) मुख्य अभियंता, अनु0 एवं नियो0, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(9) मुख्य अभियंता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(10) सम्बन्धित मुख्य अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।
(11) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(12) अधीक्षण अभियन्ता, कम्प्यूटर केन्द्र कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग, लखनऊ।
(13) वित्त (व्यय नियत्रंण) अनुभाग-8
(14) सिंचाई अनुभाग-9/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
आलोक कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in